



# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मना, कई कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 20 अप्रैल।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीय पर जिले में धूमधाम से मनाया गया। श्री रास बिहारी मंदिर में सुबह भगवान परशुराम का ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कल्लू दुबे, पूर्व प्राचार्य कमलकांत शर्मा, भाजपा नेता सुकर्ण मिश्रा, पार्षद अक्कू दुबे द्वारा जलाभिषेक कराया गया। इसके बाद आरती व प्रसाद वितरण हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्म समय सतयुग और त्रेतायुग के मध्य मनाया जाता है। अक्षय तृतीय के दिन अवतरण होने के कारण भगवान परशुराम की शक्ति का कभी भी क्षय नहीं होता है ऐसा माना जाता है कि वे आज भी जीवित है।

उन्होंने आगे कहा कि कलयुग में आज भी भगवान परशुराम मौजूद है उन्होंने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। वें हमारे लिए ज्ञान और पराक्रम के प्रतीक है उनकी कृपा से आप सबका जीवन सुखमय हो, विद्या और विवेक से परिपूर्ण हो। उनका पराक्रम और धर्म प्रति समर्पण हम सभी को सत्य और न्याय के मार्ग चलने की प्रेरणा दें। भगवान परशुराम का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे और हमें अधर्म के विरुद्ध खड़े होने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### युवाओं ने निकाली बाईक रैली

विप्र ब्राह्मण समाज एवं समस्त सनातनी बन्धुओं द्वारा आयोजित भव्य बाइक रैली अत्यन्त सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। यह आयोजन सनातन धर्म की अखण्डता, गौरव एवं ब्राह्मण एकता का प्रभावशाली प्रदर्शन सिद्ध हुआ। इस रैली के माध्यम से हम सभी सनातनी बन्धुओं ने यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया कि हम अपनी परम्पराओं, संस्कारों एवं धर्ममूल्यों के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं। यह आयोजन उन समस्त भ्रान्त धारणाओं के प्रति एक दृढ़ उत्तर है, जो समाज की एकता एवं धर्मनिष्ठा को विचलित करने का प्रयास करती हैं। भगवान परशुराम जी, जो धर्मसंरक्षण, सत्यनिष्ठा एवं तेजस्विता के अद्वितीय प्रतीक हैं, उनके आदर्शों का स्मरण करते हुए हम यह संकल्प दोहराते हैं कि सनातन धर्म की मर्यादा एवं गौरव की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। मैं इस सफल आयोजन हेतु समस्त वरिष्ठजनों के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ, जिनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से यह सम्भव हो सका। साथ ही, समस्त युवा साथियों, भाइयों एवं प्रत्येक सहयोगी का अभिनन्दन, जिनके उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण ने इस रैली को गरिमा प्रदान की। आप सभी की एकजुटता एवं निष्ठा ही हमारी वास्तविक शक्ति है। नमामि रामं जगदीश्वरं अर्थ जो हाथ में फरसा और धनुष-बाण धारण करते हैं, जो महर्षि भृगु के कुल में उत्पन्न हुए हैं और अत्यंत दयालु स्वभाव के हैं जो (अहंकारी) क्षत्रियों का नाश करने वाले हैं और जिनके चरणों की वंदना स्वयं ब्राह्मण करते हैं, उन जगत के स्वामी भगवान परशुराम को मैं नमन करता हूँ। बाईक रैली का शुभारंभ युवा भाजपा नेता सुकर्ण मिश्रा ने किया। इस दौरान पार्षद अक्कू दुबे, रिंकू दुबे, शिवम तिवारी, सानू मिश्रा, आशु शर्मा सहित काफी संख्या में समाज लोग मौजूद रहे।

### भाण्डेर में भगवान परशुराम का किया पूजन

भांडेर के पूर्व विधायक एवं मप्र भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम पिरोनिया ने भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण समाज भांडेर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं ग्राम भारती शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी,नगर परिषद भांडेर के पूर्व अध्यक्ष बृजकिशोर बब्ले रावत, भांडेर मंडल अध्यक्ष रूपेश पंसारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक रजक, शैलेंद्र लिटोरिया,सुभाष मिश्रा, संदेश मुखरिया, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# दतिया में गैस एजेंसियों का निरीक्षण, नियमों के पालन के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**दतिया ब्यूरो।** सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दतिया लोकेन्द्र सिंह सरल एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पंकज करोरिया द्वारा शहर स्थित राधे-राधे गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एजेंसी प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि घरेलू 14.2 किलोग्राम गैस सिलेंडर केवल बुकिंग धारकों को ही उपलब्ध कराए जाएं तथा शादी-विवाह जैसे आयोजनों में कमर्शियल गैस सिलेंडर का वितरण नियमों के अनुसार प्रदान किये जाने के निर्देश दिए गए।

इस प्रकार तहसीलदार दतिया नगर श्री ब्रजमोहन आर्या एवं खाद्य विभाग के कौशल सेन दतिया गैस सर्विस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉक की जांच कर नियमानुसार गैस वितरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान दोनों गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय पर और नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

### शादियों के सीजन में गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखें : एसडीएम

गैस एजेंसियों के संचालकों की बैठक आगामी शादियों के सीजन को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लोकेन्द्र सिंह सरल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान अनुभाग दतिया के 08 गैस एजेंसी संचालक उपस्थित हुए। बैठक में श्री सरल द्वारा सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिये गये कि वह शादियों के आगामी सीजन में गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखें एवं शादियों के सीजन में आवेदकों को आवश्यकता अनुसार एवं नियमानुसार कमर्शियल सिलेण्डर उपलब्ध करायें एवं संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गैस कंपनियों के फील्ड ऑफिसर्स से संपर्क करके गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त आपूर्ति गैस एजेंसियों को कराएं।

## बिजली कर्मी हुआ हादसे का शिकार, गंभीर रूप से घायल

**दतिया, 20 अप्रैल।** ठण्डी सड़क स्थित बिजली ऑफिस में शाम एक बिजली कर्मी के साथ दुर्घटना हो गई। बिजली ऑफिस में सीढ़ी निकालते समय काम कर रहे मिथुन अहिरवार नाम के एक बिजली कर्मी 15 फुट की ऊंचाई से नीचे गिर जाने के कारण गंभीर रूप से घायल होकर फ्रेक्चर हो गया। घटना उस समय हुई जब मिथुन अहिरवार सीढ़ी को बदलने के लिये करीब 15 फिट ऊपर रखी सीढ़ी को निकालने के लिए चढ़ा कर छत पर से फिसल गया। जिससे बिजली कर्मी मिथुन अहिरवार को उसे तुरंत जिला अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर चोट और कमर में फैक्चर होना बताया किया है। घटना के वक्त बिजली विभाग में सभी बिजली अधिकारियों की बैठक चल रही थी। बिजली बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी अस्पताल में नहीं पहुंचा और ना ही विभाग द्वारा के द्वारा किसी भी प्रकार की घायल विद्युत कर्मी की कोई अधिकारी मदद कर रहा है। जिससे कर्मी के परिजनों में काफी नाराजगी व्याप्त है।

## भीषण गर्मी के चलते स्कूलों का समय परिवर्तित

**दतिया, 20 अप्रैल।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी कर जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, एमपी बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएसई से संबद्ध विद्यालयों में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12वीं तक की कक्षाएं अब सुबह 7:30 से दोपहर 12 बजे तक संचालित की जाएंगी। आदेश में स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। हालांकि, शासन द्वारा पूर्व निर्धारित परीक्षाएं एवं अन्य आवश्यक गतिविधियां निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही संचालित होती रहेंगी।

### समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केंद्र का उद्घाटन

# किसान समर्थन मूल्य पर ही फसल बेचें, किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाए विधायक

**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 20 अप्रैल।** शासन द्वारा रवि विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर 15 अप्रैल से गेहूं की खरीदी शुरू कर दी है और समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को बोनस सहित 2625 रुपए प्रति कुंटल गेहूं की खरीदी की जा रही है और इंदरगढ़ तहसील क्षेत्र में सात समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केंद्र बनाए गए हैं।

मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित जौनिया के गेहूं उपार्जन केंद्र का सैथरी ग्रामीण स्टेडियम पर गेहूं खरीदी केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। गेहूं खरीदी केंद्र के उद्घाटन के दौरान विधायक प्रदीप अग्रवाल ने खरीदी केंद्र संचालक से कहा है कि इस भीषण गर्मी में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आने वाले किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाए धूप से बचाव के लिए टेंट एवं ठंडे पानी की उचित व्यवस्था होना चाहिए। विधायक ने वहां उपस्थित किसानों से कहा है कि अगर उन्हें गेहूं बेचने के दौरान कोई समस्या आती है तो उन्हें अवगत करायें और अपनी फसल गेहूं समर्थन मूल्य पर ही बेचें ताकि उन्हें अपनी फसल का सही दाम और बोनस का भी लाभ मिले। उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर संस्था सचिव रामशंकर सैन, केंद्र प्रभारी छोटू जाट, साहब सिंह यादव, कल्लू गुप्ता, चंद्रपाल परिहार ने विधायक प्रदीप अग्रवाल का स्वागत किया। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ता अमजद खान, जोगेंद्र जाट पवन पाठक, के अलावा ग्रामीण व किसान उपस्थित रहे।

## प्रो . हरि बाबू श्रीवास्तव ने किया सिंधिया कन्या विद्यालय का दौरा

**ग्वालियर, 20 अप्रैल।** सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर को प्रो. हरि बाबू श्रीवास्तव के स्वागत का गौरव प्राप्त हुआ। प्रो. हरि बाबू श्रीवास्तव वर्तमान में आईआईटी दिल्ली में प्रोफेसर ऑफ़ प्रैक्टिस तथा आईआईटी कानपुर और रुड़की में विज़िटिंग प्रोफेसर हैं। वे डीआरडीओ में विशिष्ट वैज्ञानिक और महानिदेशक रह चुके हैं तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने डीआरडीओ में उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देते हुए कई उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए और नई नीतियों के निर्माण में भूमिका निभाई।

## विद्यार्थियों की उपलब्धि से गौरवान्वित हुआ शहर

**इंदरगढ़, 20 अप्रैल।** श्री खेड़ापति सरकार पब्लिक स्कूल इंदरगढ़ में सत्र 2025-26 की मैट्रिक (कक्षा 10वीं) बोर्ड परीक्षा विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया है। समीर यादव 83.8 प्रतिशत, संतोष झा 82.6 प्रतिशत, करिश्मा जाट 79 प्रतिशत, कुश खटीक 77.8 प्रतिशत, गौरव वंशकार 74 प्रतिशत, श्रीकांत जाटव 74 प्रतिशत, प्रखर श्रीवास्तव 74 प्रतिशत, किरण बघेल-72 प्रतिशत, प्रियांश कुशवाहा 70 प्रतिशत, अनंत चतुर्वेदी 68 प्रतिशत, साक्षी निशरोलिया 66 प्रतिशत, नितिन राजपूत 64 प्रतिशत, संस्था चेयरमेन भरत श्रीवास्तव, डायरेक्टर राजीव श्रीवास्तव संस्था प्राचार्य अरविन्द सक्सेना द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि विद्यार्थियों की यह शानदार सफलता उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास का परिणाम है।

# बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी सरकार की : अग्रवाल

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में 20 जोड़ों का हुआ विवाह

**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 20 अप्रैल।** बेटी के जन्म से लेकर पढ़ाई एवं विवाह तक की जिम्मेदारी सरकार की है। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 20 जोड़ों का विवाह हो रहा है इस सम्मेलन के लिए और जो आवेदन आए थे वह किसी कारण छूट गए हैं वह लोग निराश न हों शीघ्र ही नई तारीख की घोषणा कर रतनगढ़ माता मंदिर पर पुन:100 जोड़ों का विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उक्त बात सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह सामूहिक विवाह सम्मेलन का सोमवार को रतनगढ़ माता मंदिर पर शुभारंभ करते हुए कही।




सम्मेलन के माध्यम से 20 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि हम उन बेटियों से कुछ कहना चाहते हैं जो बहू बनकर नए घर में प्रवेश कर रही हैं वह जिस घर में जा रही हैं उस घर को भी अपने घर की तरह संपन्न वैभवशाली बनाएं, और घर में आने वाली बहू बेटी की सुरक्षा व देखभाल करें ताकि उसे अपने घर की याद न आए। विधायक श्री सभी 20 जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य राम बहादुर सिंह गुर्जर, जनपद सीईओ अशोक शर्मा, तहसीलदार राजेंद्र जाटव, देवेश चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष श्रीमती रविता रुस्तम जाटव ने की।

## इंदरगढ़ कॉलेज में धूमधाम से मनी बाबा साहब की जयंती

**इंदरगढ़, 20 अप्रैल।** शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलय गोस्वामी ने डॉ. अम्बेडकर की फोटो पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा भारतीय संविधान के शिल्पकार और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ अम्बेडकर ने अनेक कठिनाइयों और भेदभाव का सामना किया लेकिन कभी हार नहीं मानी। शिक्षा को अपना हथियार बनाकर उन्होंने समाज में समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व का सन्देश दियाद्य उनका मानना था कि 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो' डॉ. अम्बेडकर एक व्यक्ति नहीं वल्कि एक विचारधारा है जो सदैव हमें सही दिशा दिखाती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आरटीई के अंतर्गत चयनित स्कूलों में अब 25 तक विद्यार्थियों के करा सकेंगे एडमिशन

**ग्वालियर 20 अप्रैल।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। केंद्र ने एडमिशन की तिथि को बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित निजी स्कूलों में 25 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया था।

**राज्य शिक्षा केन्द्र ने छात्रों के हित में लिया बड़ा निर्णय, बढ़ाई प्रवेश की तिथि**

### अभिभावकों की मांग पर विद्यार्थियों के हित में लिया गया निर्णय

आरटीई के तहत स्कूल आवंटन के बाद अभिभावकों को 3 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक अपने बच्चों का प्रवेश आवंटित विद्यालय में कराने के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान जिन बच्चों ने प्रवेश नहीं लिया, उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचना भी दी गई थी। निर्धारित अवधि के दौरान अधिकांश बच्चों द्वारा प्रवेश प्राप्त कर लिया गया। हालांकि कुछ पालकों द्वारा अवगत कराया गया कि विभिन्न कारणों से निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने बच्चों का प्रवेश नहीं करा सके, जबकि वे अपने बच्चे का प्रवेश कराना चाहते है। अभिभावकों की मांग व विद्यार्थियों के हित को देखते हुए अब प्रथम चरण में आवंटित विद्यालय में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि को 15 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 25 अप्रैल कर दी गई है।

### प्रवेश से मना करने पर निजी स्कूलों पर होगी कार्यवाही

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी पालक द्वारा यह शिकायत प्राप्त होती है कि उनके बच्चे को आवंटित निजी विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, तो इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। संबंधित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और जिला परियोजना समन्वयक मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित अशासकीय विद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेंगे। साथ ही संबंधित बच्चे को आवंटित विद्यालय में प्रवेश मिल जाए यह भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर इस पूरी प्रक्रिया की दैनिक समीक्षा भी दिए गए हैं, जिससे कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे।

## परियोजना क्षेत्र में कोयला लोडेड वाहन पलटा

**सिंगरौली।** जिले की एनसीएल निगाही परियोजना में एक बार फिर सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है. कांटे के पास कोयला लोड एक भारी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया और कुछ देर तक कामकाज बाधित रहा।

## उपार्जन केंद्रों में तौल कांटे 4 से बढ़ाकर किए छह

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की संख्या चार से बढ़ाकर 6 कर दी गई है. इससे समय पर किसानों द्वारा लाये गए गेहूं की तुलाई हो सकेगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक एक लाख 36 हज़ार 237 किसानों से 59 लाख 48 हजार 980 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है. किसानों को 575 करोड़ 86 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है. अभी तक 4 लाख 62 हजार 19 किसानों द्वारा 1 करोड़ 97 लाख 29 हजार 339 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं.

# ओरछा और चंदेरी के लिए हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ

## पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को सुगम, सुरक्षित और आनंददायक बनाना हेली पर्यटन सेवा का उद्देश्य

**भोपाल, 20 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ओरछा में राजा के रूप में विराजमान भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए पीएमश्री हेली सेवा के रूप में ओरछा के लिए पुष्पक विमान की व्यवस्था की गई है. परशुराम जयंती के मंगल अवसर पर पर्यटन की दिशा में आज मध्यप्रदेश ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहा है.**



उन्होंने कहा कि भोपाल-ओरछा और चंदेरी सेक्टर के लिए पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ हो रहा है. आज जिन दो नगरों के लिए सेवा की शुरुआत की गई है, दोनों ही प्रदेश के विरासत स्थल हैं. चंदेरी का संबंध भी श्रीराम और श्रीकृष्ण से ही है. चंदेरी, पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी के रूप में विख्यात है. मध्यप्रदेश में तेजी से बढ़ रहे एविएशन सेक्टर से महाराष्ट्र सहित कई राज्य प्रेरणा ले रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजधानी के स्टेट हैंगर से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के अंतर्गत नए सेक्टर भोपाल - चंदेरी-ओरछा का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हेली पर्यटन सेवा सर्वप्रथम ओंकारेश्वर-महाकालेश्वर-इंदौर सेक्टर में और कान्हा-बांधवगढ़-मैहर की माताजी-अमरकंटक-चित्रकूट में आरंभ हुई. आज हेली सेवा का तीसरा सेक्टर आरंभ हो रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के अंतर्गत चंदेरी से ओरछा का किराया 2,750 रुपए ,भोपाल से चंदेरी का 5,500 रुपये और भोपाल से ओरछा का किराया 6,500 रुपये रखा गया है. भोपाल से ओरछा का पैकेज 14 हजार 500 का है, जिसमें 13 हजार रुपये हेलीकॉप्टर का किराया, टैक्सी का शुल्क 1150 रुपए और दर्शन एवं प्रसाद के लिए 350 रुपए का भुगतान करना होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस यात्रा के संचालन में मैचिंग ग्रांट के अंतर्गत बड़ी राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है.

# जैन संतों ने गोपाचल की प्राचीन जैन प्रतिमाओं के किए दर्शन

**ग्वालियर, 20 अप्रैल।** ग्वालियर में विराजित विनिश्चल सागर महाराज, मुनिश्री अनुपम सागर महाराज, मुनिश्री निर्मोह सागर महाराज, मुनि श्री विनिशोध सागर और मुनिश्री अनंग सागर महाराज ससंघ आज नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला से पदयात्रा करते हुए फूलबाग स्थित जैन सिद्ध क्षेत्र गोपाचल पर्वत पहुंचे। जहां विश्व की सबसे बड़ी प्राचीन जैन प्रतिमा के दर्शन किए।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन बताया कि सुबह उपाध्यायश्री और मुनिश्री ससंघ आप और हम टीम, राजेश लाला मित्र मंडल युवा टीम के साथ नई सड़क से पदयात्रा करते हुए गोपाचल पर्वत पहुंचे। गोपाचल पर्वत के महामंत्री अजीत वरैया ने जैन संतो की अगवानी के साथ पाद प्रक्षालन किए। जैन संतो ने गोपाचल पर्वत की तहलटी में विराजित पूरे विश्व की सबसे बड़ी अद्भुत 42 फीट ऊंची भगवान पार्श्वनाथ की पद्मासन प्रतिमा और एक ही चट्टान में 24 तीर्थंकरों की प्रतिमाओं के साथ अन्य प्रतिमाओं के दर्शन किए। वहीं युवाओं ने पीले वस्त्रों में भगवान पार्श्वनाथ का जल अभिषेक किया।

**जैन संस्कृति की धरोहर है गोपाचल पर्वत : उपाध्याय श्री :** उपाध्याय विनिश्चल सागर महाराज ने कहा कि ग्वालियर में जैन तीर्थ गोपाचल पर्वत न केवल ग्वालियर, बल्कि पूरे विश्व की जैन संस्कृति की धरोहर है। जहां पूरे विश्व की सबसे ऊंची 42 फुट ऊंची 23 तीर्थंकर भगवन पार्श्वनाथ की पद्मासन प्रतिमा विराजित हैं। मुनिश्री अनुपम सागरजी ने कहा गोपाचल पर्वत श्रेष्ठ धार्मिक स्थल है, जिसे जैन धर्म का प्रमुख धार्मिक केंद्र है। जैन धर्म के लोगों के लिए उत्साह और श्रद्धा का प्रतीक हैं। यहां जैन धर्मावलंबियों अपने जीवन की आत्मा की शुद्धि और मन की शांति के लिए आते हैं।

**जैन संतों ने वैराग्य जैन को उत्तम श्रावक के संस्कार के बीज रोपण किए :** जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि गोपाचल पर्वत पर उपाध्याय विनिश्चल सागर महाराज और मुनि श्री अनुपम सागर महाराज ने ग्वालियर चावड़ी बाजार निवासी वैराग्य जैन को उत्तम श्रावक के संस्कार विधि विधान के साथ किया। उत्तम श्रावक के संस्कार देव, शास्त्र और गुरु के प्रतीक व धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प कराया।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

शाखा : जयेन्द्रगंज, निशा प्लाजा, आचरण प्रेस के पास, जिंसी रोड, ग्वालियर-474009 (म.प्र.) फोन : 72477-16428, E-mail: vjgwal@bankofbaroda.com

**मांग सूचना**

**वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के रुल 3 (1) के अंतर्गत नोटिस**

जैसा कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के रुल 3 (1) के अंतर्गत बैंक द्वारा आप पर बकाया धन जमा करने हेतु निम्नवर्णित दिनांक को मांग नोटिस को स्पीड पोस्ट डाक द्वारा प्रेषित किया गया था। उक्त नोटिस के द्वारा आपको बैंक द्वारा बकाया निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज आपके द्वारा नोटिस प्राप्ति के 60 दिन के अंदर जमा किया जाना है, जो कि लेने से इंकार कर दिया गया जिस कारण वह हमारे बैंक में वापस आ गयी है। जिससे यह विश्वास करने का कारण उत्पन्न हो जाता है। कि आप उस डिमांड नोटिस को प्राप्त करने से बच रहे है। अत : अब इस नोटिस के प्रकाशन के द्वारा आपको एतद् द्वारा बैंक बकाया धनराशि को चुकाने हेतु नोटिस दिया जाता है, कि बैंक को देय निम्नवर्णित ऋण राशि इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर हमारी बैंक में जमा कर दें। इस खाते से संबंधित विवरण नीचे उल्लेखित है उक्त ऋण राशि का भुगतान करने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहत प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम 2002 के अंतर्गत किसी अथवा सभी अधिकारों का प्रयोग किया जा सकता है। नोटिस का विवरण निम्नानुसार है :- उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जा सकता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम | प्रतिभूति के रूप में बंधक की कई संपत्ति का विवरण | बकाया राशि / मांग सूचना दिनांक |
|---|---|---|
| **ऋणी : स्व. श्री राम कुमार द्विवेदी (अब दिवंगत) के कानूनी वारिसों के माध्यम से पिंकी द्विवेदी पत्नि श्री राम कुमार द्विवेदी**<br>**सह-ऋणी : पिंकी द्विवेदी पत्नि श्री राम कुमार द्विवेदी**<br>पता : ए- मकान नं.140, राधा कृष्ण मंदिर के पास, वनखण्डेश्वर रोड़, भिण्ड (म.प्र.)-477011<br>पता : बी-म्युनिसिपल मकान नं. 646, सर्वे नंबर 1647 का हिस्सा, वार्ड नं. 21, मेला दुल्लपुर, कृष्णा नगर कॉलोनी के पास, मुरार, गोले का मंदिर परगना और जिला ग्वालियर (म.प्र.)-474005 | **संपत्ति स्वामी - श्री राम कुमार द्विवेदी सुपुत्र श्री माता प्रसाद द्विवेदी** - सर्वे क्रमांक 1647 के भाग, वार्ड क्रमांक 21, मकान क्रमांक 646, मेला दुल्लपुर, ग्राम-गोशपुरा, कृष्णा नगर कॉलोनी के निकट, मुरार, गोले का मंदिर, परगना एवं जिला ग्वालियर स्थित भूमि एवं भवन साम्यिक बंधक। क्षेत्रफल 111.32 वर्ग मीटर। **चतुर-सीमाएँ : उत्तर** - आम रास्ता, **दक्षिण** - कृष्णा पाल सिंह का मकान, **पूर्व** - राजू सिंह राजावत का मकान, **पश्चिम** - भानु प्रताप सिंह गुर्जर की संपत्ति। | **₹ 8,60,363.97/-**<br>**13.04.2026 + तक कॉन्ट्रैक्ट का बकाया (13-04-2026) तक का ब्याज मिलाकर) + 14.04.2026 से भविष्य का ब्याज + एनपीए की तारीख से लेकर वसूली की तारीख तक के दूसरे कॉस्ट चार्ज और खर्च**<br>**मांग सूचना दिनांक 13-04-2026** |

इस नोटिस के द्वारा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि वे उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार समझौता / व्यवहार न करें एवं बंधककर्ता को सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 (13) के नियमानुसार आप बैंक के पूर्व लिखित अनुमति के बिना प्रतिभूतिकृत सम्पत्ति का हस्तांतरण नहीं कर सकते।

**स्थान : ग्वालियर** **दिनांक : 20-04-2026** प्राधिकृत अधिकारी **बैंक ऑफ बड़ौदा**